(ग) "हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम, 1975 (1975 का हरियाणा अधिनियम, 22)" शब्दों, अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर जहां कहीं भी आए हों, "संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ को यथाविस्तारित हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम, 1975(1975 का हरियाणा अधिनियम, 22)" शब्द, अंक और कोष्ठक रखे जाएंगे ।

2. धारा 1 में, उपधारा (2) में, "अधिसूचना द्वारा" शब्दों के स्थान पर चण्डीगढ़ राजपत्र में "अधिसूचना द्वारा" शब्द रखे जायेंगे ।

3. धारा 2 में, —

(क) खण्ड (क) को खण्ड (कक) के रूप में पुनः अक्षरांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनः अक्षरांकित खण्ड से पूर्व निम्नलिखित खण्ड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(क) 'प्रशासक' से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त संघ राज्यक्षेत्र चण्डीगढ़ का प्रशासक अभिप्रेत है" ;

(ख) खण्ड (ख) में, उपखण्ड (7) में, "केन्द्रीय सरकार राजपत्र में" शब्दों के स्थान पर "प्रशासक चण्डीगढ़ राजपत्र में" शब्द रखे जाएँ ।

4. धारा 25 में, —

(क) उपधारा (1) में, 'राजपत्र' शब्द के स्थान पर "चंडीगढ़ राजपत्र' शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उपधारा (2) में, 'पूर्व प्रकाशन' शब्दों के स्थान पर 'चंडीगढ़ राजपत्र में पूर्व प्रकाशन' शब्द रखे जाएंगे;

(ग) उपधारा (3) का लोप किया जाएगा ।

उपाबन्ध

संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ को यथा विस्तारित हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम 1976 (1976 का हरियाणा अधिनियम 18)

कृषिक मजदूरों, ग्रामीण कारीगरों, उपान्तिक किसानों और छोटे किसानों को ऋणता से राहत दिलाने के लिए अधिनियम ।

भारत गणराज्य के सताईसवें वर्ष में हरियाणा राज्य विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम, 1976 है ।

(2) धारा 3 और 4 के उपबन्धों को पहली अक्तूबर, 1975 से प्रवृत्त समझा जाएगा और शेष उपबन्ध ऐसी तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसे प्रशासन, अधिसूचना द्वारा चण्डीगढ़ राजपत्र में नियत करे ।

2. **परिभाषाएं.**—इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) 'प्रशासक' से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ का प्रशासक अभिप्रेत है ।

(कक) "कृषि मजदूर" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो निम्नलिखित कृषि व्यवसायों में से किसी एक व्यवसाय या अधिक व्यवसायों को भाड़े पर या विनियम के आधार पर, चाहे पंदाय नकदी में किया जाए या वस्तु के रूप में, या भागतः नकदी में और भागतः वस्तु के रूप में, किसी मजदूर की हैसियत में अपनाता है :—

(i) खेती में काश्त तथा भूमि की जुताई आदि भी है ;

(ii) दुग्ध उद्योग;

(iii) उद्यान कृषि की वस्तु का उत्पादन, काश्त करना, उगाना तथा काटना;

(iv) पशुधन, मधुमक्खी और मुर्गी पालन करना ; और

(v) किसी फार्म पर खेती के कार्यों के आनुषंगिक या उसके साथ किया गया कोई व्यवसाय (जिसमें वन-विज्ञान तथा इमारती लकड़ी सम्बन्धी क्रियाएं सम्मिलित हैं) और खेती उत्पादन को मण्डी के लिए तैयारी और परिवहन के लिए भंडारकरण या मंडी में या वाहन को परिदान करना ।

(ख) "बैंक से—

(i) बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम, 10) में यथा परिभाषित कोई बैंककारी कम्पनी अभिप्रेत है ।"

(ii) भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का संसद अधिनियम 23) के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक अभिप्रेत है;

(iii) भारतीय स्टेट बैंक (समानुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 (1959 का संसद अधिनियम, 38) में यथा परिभाषित समानुषंगी बैंक अभिप्रेत हैं;

(iv) बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का संसद अधिनियम 5) के अधीन गठित तत्स्थानी नया बैंक अभिप्रेत है;

(v) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम, 10) की धारा 51 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित कोई बैंककारी संस्था अभिप्रेत है;

(vi) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 का संसद अधिनियम, 10) के अधीन गठित कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अभिप्रेत है; तथा

(vii) इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए किसी बैंक के रूप में राज्यपाल द्वारा चण्डीगढ़ राजपत्र में अधिसूचित कोई अन्य वित्तीय संस्था अभिप्रेत है।

(ग) "सिविल न्यायालय" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं —

(i) ऐसा न्यायालय, जो प्रांतीय दिवाला अधिनियम, 1920 (1920 केन्द्रीय का अधिनियम 5) के अधीन अधिकारिता का प्रयोग करता है ।

(ii) ऐसी पंचायत जो पंजाब ग्राम पंचायत अधिनियम, 1953 (1953 का पंजाब अधिनियम 4) के अधीन स्थापित की गई हो और सिविल न्यायालय के कृत्य कर रही हो ।

(iii) ऐसा न्यायालय जो प्रांतीय लघुवाद न्यायालय अधिनियम, 1887 (1887 का केन्द्रीय अधिनियम, 9) के अधीन शक्तियों का प्रयोग कर रहा हो।

(घ) "कलेक्टर" से किसी जिले का प्रधान राजस्व अधिकारी अभिप्रेत है और इसमें इस नियम के अधीन शासक द्वारा कलेक्टर को शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिसूचना द्वारा नियक्त अन्य अधिकारी भी सम्मिलित है ।

(ङ) "सहकारी समिति" से ऐसी समिति अभिप्रेत है जो पंजाब सहकारी समिति अधिनियम, 1961 (1961 का पंजाब अधिनियम, 25) के अधीन राजिस्ट्रीकृत हो या रजिस्ट्रीकृत समझी गई हो ।

(च) 'ऋण' के अन्तर्गत किसी लेनदार को नकदी या वस्तु के रूप में देय सभी दायित्व सम्मिलित हैं, चाहें वे प्रतिभूत हों या अप्रतिभूत तथा किसी सिविल न्यायालय की डिक्री या आदेश के अधीन या अन्यथा संदेय हों और इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख को विद्यमान हों, चाहे वे देय हों या नहीं किन्तु इसमें निम्नलिखित सम्मिलित नहीं हैं —

(i) केन्द्रीय सरकार, किसी राज्य सरकार, किसी स्थानीय प्राधिकरण, किसी सहकारी सोसायटी या किसी बैंक को देय ऋण;

(ii) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का संसद अधिनियम 1) के अर्थ में किसी सरकारी कम्पनी को देय ऋण;

(iii) जीवन बीमा निगम कम्पनी, 1956 (1956 का संसद अधिनियम 3) के अधीन स्थापित भारतीय जीवन बीमा निगम को या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किन्हीं अन्य निगमों को देय ऋण;

(iv) किसी ऋणी को किराए पर दी गई किसी सम्पति के सम्बन्ध में देय कोई भाटक ।

(v) न्यास भंग से उत्पन्न होने वाला दायित्व या अपकृत्य सम्बन्धी कोई दायित्व ।

(vi) की गई सेवाओं के लिए वेतन के रूप में या अन्यथा देय मजदूरी या पारिश्रमिक के सम्बन्ध में दायित्व ।

(vii) भरण-पोषण के सम्बन्ध में कोई दायित्व, चाहे वह सिविल न्यायालय की किसी डिक्री के अधीन हो या अन्यथा ।

(viii) ऐसा ऋण जो किसी ऋणी द्वारा क्रय किए गए माल या सम्पत्ति की कीमत का द्योतक है ।

(ix) ऐसा अग्रिम धन जो किसी व्यक्ति द्वारा किसी ऋणी को, बाद में विक्रीत किए जाने वाले माल या सम्पत्ति की कीमत के रूप में दिया गया है ।

(x) मजदूरी का अग्रिम, चाहे वह नकदी में हो या वस्तु के रूप में हो या भागतः नकदी में हो या भागतः वस्तु के रूप में हो, जो किसी व्यक्ति द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि तक सेवा संविदा के अनुसरण में किसी ऋणी को उसके कहने पर दिया गया हो ;
परन्तु यह तब जब कि देय मजदूरी की दर विधि द्वारा नियम मजदूरी की न्यूनतम दर से कम न हो ।

(xi) भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूली योग्य कोई राशि;

(xii) 'ऋणी' से ऐसा कृषि मजदूर, उपान्तिक किसान छोटा किसान या ग्रामीण कारीगर अभिप्रेत है जिसने ऋण देना है ।

(ज) 'उपान्तिक किसान' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो एक हेक्टेयर तक की असिंचित कृषि भूमि का स्वामी है और जिसकी आजीविका का मुख्य साधन ऐसी आय है जो किसी ग्रामीण क्षेत्र में, ऐसी भूमि से या एक हेक्टेयर तक की असिंचित कृषि भूमि पर शारीरिक श्रम द्वारा या कृषि या उसके अनुषंगी प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले परम्परागत औजारों, उपकरणों, अन्य वस्तुओं या चीजों के उत्पादन या उनकी मरम्मत से या स्वयं अपने या अपने परिवार के सदस्यों के श्रम से शिल्प कर्म द्वारा होती है ।

(झ) 'ग्रामीण कारीगर' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी कृषि भूमि का स्वामी नहीं है और जिसकी आजीविका का मुख्य साधन कृषि या उसके समनुषंगी प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले परम्परागत औजारों, उपकरणों तथा अन्य वस्तुओं या चीजों के उत्पादन या मरम्मत है है और इसमें ऐसा व्यक्ति भी सम्मिलित है जो सामान्यतया अपनी आजीविका या तो स्वयं अपने श्रम से या अपने कुटुम्ब के सदस्यों के श्रम से किसी ग्रामीण क्षेत्र में शिल्पकर्म द्वारा उपार्जित करता है ।

(ञ) 'छोटा किसान' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो एक हैक्टेयर से अधिक की किन्तु दो हैक्टेयर से अनधिक की असिंचित कृषि-भूमि का स्वामी है और जिसकी आजीविका का मुख्य साधन ऐसी आय है जो ऐसी भूमि से या एक हैक्टेयर से अधिक की किन्तु दो हैक्टेयर से अनधिक की असिंचित कृषि भूमि पर शारीरिक श्रम द्वारा या कृषि या उसके समनुषंगी प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले परम्परागत औजारों, उपकरणों तथा अन्य वस्तुओं तथा चीजों के उत्पादन या मरम्मत से या स्वयं अपने श्रम द्वारा या अपने कुटुम्ब के सदस्यों के श्रम द्वारा किसी ग्रामीण क्षेत्र में शिल्पकर्म से होती है ।

स्पष्टीकरण :—खण्ड (ज) और (झ) के प्रयोजनों के लिए, बारहमासी सिंचित भूमि का एक हैक्टेयर गैर-बारह मासी सिंचित भूमि के दो हैक्टेयर और असिंचित भूमि के तीन हैक्टेयर के बराबर होगा ।

3. **परिसीमा के लिए समय का अपवर्जन.**—किसी ऋण की वसूली के लिए या ऐसे बाद में पारित डिक्री के निष्पादन के आवेदन के लिए, परिसीमा की अवधि की गणना करने में, वह समय जिसके दौरान संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ को यथाविस्तारित, हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम, 1975 (1975 का हरियाणा अधिनियम, 22) की धारा 3 द्वारा वाद का संस्थित करना या आवेदन देना वर्जित था, अपवर्जित किया जाएगा ।

4. **ऋण की बाबत ब्याज प्रोद्भूत नहीं होगा.**—पहली अक्तूबर, 1975 को या उसके पश्चात ऋण की बाबत कोई ब्याज प्रोद्भूत नहीं होगा ।

5. **ऋण मुक्ति.**—तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियमिति में या विधि का बल रखने वाली किसी संविदा या अन्य लिखित में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,—

(क) किसी ऐसे कृषि मजदूर, ग्रामीण कारीगर या उपान्तिक किसान द्वारा, जिसकी वार्षिक घरेलू आय 2,400 रु० से अधिक न हो, इस अधिनियम के

प्रारम्भ के समय देय प्रत्येक ऋण को उस पर संदेय ब्याज सहित पूरी तरह से चुकाया गया समझा जाएगा ।

(ख) किसी ऐसे कृषि मजदूर, ग्रामीण कारीगर या किसी उपान्तिक किसान द्वारा जिसकी वार्षिक घरेलू आय 2,400 रु० से अधिक हो तथा छोटे किसान द्वारा किसी व्यक्ति को देय प्रत्येक ऋण को उस दशा में पूरी तरह से चुकाया गया समझा जाएगा, जबकि—

(i) उसने अपने ऋण चुकाने के लिए इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व किसी भी समय ऋण की राशि के चुगने से अधिक या उसके बराबर राशि संदत्त की है ।

(ii) वह अपने ऋण चुकाने के लिए इस अधिनियम, के प्रारम्भ के पश्चात ऐसी राशि संदत्त करता है जो ऐसे ऋण चुकाने के लिए पहले ही संदत्त की गई किसी राशि सहित, ऋण की दुगती राशि के बराबर है ।

(ग) किसी ऐसे ऋणी द्वारा जिसके ऋण खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन चुकाया गया समझा जाए, गिरवीं रखी गई या बन्धक की गई प्रत्येक सम्पत्ति, उस समय उसके पक्ष में निर्मुक्त हो जाएगी जब कि ऐसा ऋण का चुकाया जाना समझा जाता है और लेनदार, यदि सम्पति उसके कब्जे में हो, उसे तत्काल ऋणी को लौटा देगा ।

(घ) खण्ड (क) और (ख) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए ऋण का प्रतिसंदाय करने के लिए किसी ऋणी के, ऋण तथा उस पर संदेय ब्याज को बाबत दायित्व, वार्षिक घरेलू आमदनी को सात से गुणा करके जो सकल मूल्य आता है उसके सात प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और ऐसे दायित्व के प्रतिसंदाय के लिए सात वर्ष तक की अवधि तक विस्तारित किया जाएगा जिसकी गणना न्याय-निर्णयन के आदेश की तारीख से की जायगी । कम किए गए ऋण के दायित्व से अधिक राशि की वसूली नहीं की जाएगी और उसे अधिक ऋण के भाग को समाप्त कर दिया जाएगा ।

6. **ब्याज.**—ऋण पर देय ब्याज की गणना, विधि, रुढ़ि या संविदा के अधीन ऋण को लागू दर पर या 6 प्रतिशत के वार्षिक दर पर , इनमें से जो भी कम हों, की जायगी और जमा की गई सभी राशियों में से पहले बकाया ब्याज घटाया जाएगा और अतिशेष यदि कोई हो, को मूलधन के प्रतिसंदाय के लिए जमा किया जाएगा । मूलधन तथा बकाया ब्याज की राशि को कम करने के प्रयोजन के लिए पहली अक्तूबर 1975 को शुद्ध बकाया ऋण के रूप में समझा जाएगा ।

7. **ऋण निपटारा अधिकारियों की नियुक्ति.**—प्रशासक, ऋणियों और उनके लेनदारों के बीच निपटारा करने के प्रयोजन के लिए, ऋण निपटारा अधिकारियों को नियुक्त कर सकेगा और ऐसे स्थानीय क्षेत्रों को परिनिश्चित कर सकेगा जिनमें वे अपनी अधिकारिता का प्रयोग करेंगे ।

8. **निपटारे के लिए आवेदन.**—कोई ऋणी या उसका कोई लेनदार, धारा 1 की उपधारा (2) के अधीन अधिसूचना की तारीख से 6 मास की अवधि के भीतर, उस क्षेत्र के लिए जिसमें ऋणी निवास करता है या ऐसी भूमि धारण करता है, ऋणी और उसके लेनदारों के बीच निपटारा करने के लिए, नियुक्त ऋण निपटारा अधिकारी को आवेदन करेगा ।

9. **आवेदन का सत्यापन.**—ऋण निपटारा अधिकारी को प्रत्येक आवेदन लिखित रूप में किया जाएगा और उस पर आवेदक द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और उसे ऐसी रीति में सत्यापित किया जाएगा जो वह विनिर्दिष्ट करे ।

10. (1) **आवेदन में विशिष्टियों का दिया जाना.**—(1) ऋण निपटारा अधिकारी को ऋणी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्येक आवेदन में निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात्:—

(क) वह स्थान, जहां वह निवास करता है या भूमि धारण करता है;

(ख) अपने विरुद्ध सभी दायित्वों की बाबत विशिष्टियां तथा अपने लेनदारों के नाम और निवास स्थान;

(ग) अपनी सभी सम्पत्ति की बाबत् विशिष्टियां तथा ऐसी सम्पत्ति के मूल्य की बाबत् विनिर्देश और वह स्थान या वे स्थान जहां ऐसी सम्पत्ति पाई जाती है;

(घ) उसकी घरेलू आय की बाबत् विशिष्टियां;

(ङ) ऐसा विवरण जिसमें यह दर्शित करने वाली पूरी विशिष्टियां होंगी कि वे ऋणी है;

(च) ऐसा विवरण कि क्या उसी ऋण की बाबत् उसने पहले भी ऋण निपटारा अधिकारी को आवेदन किया है और यदि ऐसा है तो उसका क्या परिणाम रहा है ।

(2) लेनदार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्येक आवेदन में निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात् :—

(क) वह स्थान जहां ऋणी निवास करता है या भूमि धारण करता है;

(ख) ऐसे ऋण के विरुद्ध उसके दावे की रकम और विशिष्टियां;

(ग) ऐसा विवरण जिसमें ऋणी के बारे में पूरी विशिष्टियां हों ।

11. **आवेदन की प्राप्ति पर प्रक्रिया.**—(1) धारा 8 के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर ऋण निपटारा अधिकारी, आवेदन की सुनवाई के लिए तारीख और स्थान नियत करने वाला आदेश पारित करेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन आदेश की सूचना, लेनदारों को रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा आवेदक के खर्चे पर भेजी जाएगी और जहां ऋणी आवेदक नहीं है वहां उपधारा (1) के अधीन आदेश की सूचना उसे इसी रीति में भेजी जाएगी ।

12. **लेनदारों से ऋण के विवरण प्रस्तुत करने की बाबत् सूचना.**—(1) नियत तारीख को ऋण निपटारा अधिकारी ऐसी रीति में जो विहित की जाए, ऋण के प्रत्येक लेनदार से यह मांग करते हुए सूचना प्रकाशित करेगा कि वह ऋणी द्वारा ऐसे लेनदार को देय ऋणों की बाबत् विवरण प्रस्तुत करे । ऐसा विवरण, जिसमें लेनदार यह दर्शित करेगा कि क्या वह पंजाब साहूकार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1938 (1938 का पंजाब अधिनियम 3) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है । और उसने उसके

उपबन्धों का अनुपालन किया है, सूचना के प्रकाशन की तारीख से दो मास की अवधि के भीतर ऋण निपटारा अधिकारी को लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाएगा :

परन्तु यदि ऋण निपटारा अधिकारी का समाधान हो जाता है कि कोई लेनदार अच्छे और पर्याप्त कारण से ऐसे निदेश का पालन करने में या धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन नियत अवधि के भीतर अपेक्षित दस्तावेज पेश करने में असमर्थ रहा है तो वह उसके द्वारा देय ऋणों का विवरण प्रस्तुत करने की या ऐसे दस्तावेज पेश करने की अवधि को बढ़ा सकेगा ।

(2) किसी एक लेनदार को देय ऋण, जिसके बारे में उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण के अनुपालन में ऋण निपटारा अधिकारी को ऐसे विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे लेनदार के विरुद्ध सभी प्रयोजनों तथा अवसरों के लिए सम्यकतः चुकाया गया समझा जाएगा और दो या अधिक लेनदारों को संयुक्त रूप से देय ऋण जिसके बारे में ऐसे सभी लेनदार या उनके मान्यता प्राप्त अभिकर्ताओं द्वारा अस्ताक्षरित विवरण इस प्रकार प्रस्तुत नहीं किया गया है या प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन लेनदारों के विरुद्ध जिन्होंने उक्त विवरण प्रस्तुत नहीं किया है, इस प्रकार चुकाया गया समझा जाएगा किन्तु वह उक्त ऋण में केवल अपने अपने अंशों के परिणाम तक सीमित होगा ।

(3) यदि लेनदार या संयुक्त लेनदारों में से कोई ऋण निपटारा अधिकारी द्वारा नियत की गई सुनवाई में, पर्याप्त कारण के बिना स्वयं हाजिर नहीं होता या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से हाजिर नहीं होता या ऋण निपटारा अधिकारी की अनुज्ञा से विधि व्यवसायी द्वारा हाजिर नही होता या धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन यथा-अपेक्षित पूरी विशिष्टियां और दस्तावेज पेश करने में असफल रहता है तो, यथास्थिति, उसे या संयुक्त लेनदारों को, देय ऋण सभी प्रयोजनों तथा अवसरों के लिए पूर्णतः चुकाया गया समझा जाएगा ।

(4) यदि कोई लेनदार ऋण निपटारा अधिकारी के समाधानप्रद रूप में सिद्ध कर देता है कि उसको सूचना की तामील नहीं की गई थी और उसे उसके प्रकाशन को कोई ज्ञान नहीं था या ऋण निपटारा अधिकारी द्वारा नियत की गई किसी सुनवाई में वह अपरिहार्य रूप से अनुपस्थित था, तो ऋण निपटारा अधिकारी उस ऋण को पुनः प्रवर्तित कर सकेगा ।

13. **ऋण की बाबत ऋण प्रस्तुत करने पर प्रक्रिया.**—(1) धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई सूचना के अनुपालन में उसे देय ऋणों का विवरण प्रस्तुत करने वाला प्रत्येक लेनदार, ऐसे विवरण के साथ ऐसे ऋणों की पूरी विशिष्टियां प्रस्तुत करेगा और साथ-साथ ऐसे दस्तावेज (जिसमें लेखा बहियों की प्रविष्टियां भी हैं) जिन पर वह अपने दायित्वों का समर्थन करने के लिए निर्भर करता है, प्रत्येक दस्तावेज की सही प्रति के साथ, प्रस्तुत करेगा :

परन्तु किसी सिविल न्यायालय की कोई डिक्री या आदेश उस ऋण की रकम की बाबत् जिससे डिक्री का सम्बन्ध है, निश्चायक साक्ष्य होगी, किन्तु यदि राशि मूल उधार की राशि के दुगने से अधिक है या 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक दर पर साधारण ब्याज को सम्मिलित करके बनी है, तो राशि को कम किया जा सकेगा ।

(2) ऋण निपटारा अधिकारी इस प्रकार पेश की गई प्रत्येक मूल दस्तावेज को पहचान के प्रयोजन के लिए अंकित करने के पश्चात् तथा उस प्रति की शुद्धता का सत्यापन करने के पश्चात्, प्रति को रख लेगा और लेनदार को मूल लौटा दिया जाएगा ।

14. **ऋण निपटारा अधिकारी की न्याय निर्णयन की शक्ति.**—(1) यदि, यथास्थिति, कोई लेनदार या कोई ऋणी, किसी आवेदन में सम्मिलित ऋण का असली होना या प्रवर्त्यता के बारे में आक्षेप करता है तो ऋण निपटारा अधिकारी इस विवाद्यक पर न्याय निर्णयन करेगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन ऋण निपटारा अधिकारी के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति उसके विरुद्ध अपील कलैक्टर को कर सकेगा :

परन्तु पुनर्विलोकन से इंकार करने वाले आदेश के या किसी पूर्व आदेश को पुनर्विलोकन पर पुष्ट करने वाले आदेश के विरुद्ध कोई अपील नहीं होगी ।

(3) इस धारा के अधीन अपील के लिए परिसीमाकाल उस आदेश की जिसके विरुद्ध अपील की गई है, तारीख से प्रारम्भ होगी और वह तीस दिन की होगी ।

(4) ऋण निपटारा अधिकारी, धारा 8 के अधीन ऋणी या उसके लेनदार द्वारा दिए गए आवेदन में या धारा 13 के अधीन लेनदार द्वारा दिए गए विवरण में दिखाए गए प्रत्येक ऐसे ऋण की दशा में, जो उस ऋण से भिन्न है जिसके बारे में यह घोषित किया गया है कि वह असली नहीं पाया गया है या जो अप्रवर्तनीय है, मूल रूप से उधार दिए गए मूल धन का, ऋणी द्वारा मूलधन या ब्याज या दोनों की बाबत् संदत्त की गई रकम का तथा उस तारीख से जिसको मूलधन की राशि उधार दी गई थी, पहली अक्तूबर, 1975 तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज का अवधारण करेगा, किन्तु ब्याज की गणना करने में, समय-समय पर ऋणी द्वारा किए गए संदायों को सबसे पहले संदाय की तारीख को देय ब्याज की ओर और उसके पश्चात् मूलधन की ओर समायोजित किया जाएगा और उसके आगे का ब्याज इस प्रकार शेष मूलधन की राशि पर गिना जाएगा ।

(5) जहां ऋणी के बारे में ऐसा पाया जाता है कि उसने मूलधन की राशि के दुगने के बराबर या उस से अधिक राशि लेनदार को प्रतिसंदत्त कर दी है या ऐसे निष्कर्ष का पता चलाने पर, ऋणी ने ऐसी राशि का सदाय कर दिया है जिसके कारण प्रतिसंदत्त की गई कुल राशि मूलधन की राशि के दुगने के बराबर हो जाती है, तो ऋण निपटारा अधिकारी उस ऋण को पूरी तरह से चुकाया गया घोषित कर गा तथा तदुपरि धारा 5 के खण्ड (ग) के उपबन्ध ऋण को लागू होंगे । यदि लेनदार को संदत्त की गई राशि मूलधन के दुगने से अधिक पाई जाती है तो ऋण निपटारा अधिकारी उस राशि को लेनदार द्वारा ऋणी को लौटाए जाने के बारे में आदेश करेगा ।

(6) ऋण निपटारा अधिकारी किसी ऋणी की वार्षिक घरेलू आय का प्राक्कलन करेगा और धारा 5 के प्रयोजनों के लिए, उसका दायित्व तथा उसके विरुद्ध बकाया ऋणों का प्रतिसंदाय करने की क्षमता अवधारित करेगा ;

(7) ऐसे मामलों में जो उपधारा (5) के अन्तर्गत नहीं आते है, ऋण निपटारा अधिकारी, यथास्थिति उपधारा (4) के अधीन यथा अवधारित शेष मूलधन और ब्याज की राशि और उपधारा (6) के अधीन अवधारित ऋणी की संदाय करने की क्षमता ध्यान में रखते हुए, राशि का संदाय सात से अनधिक बराबर वार्षिक किश्तों में करने का आदेश करेगा :

परन्तु किसी भी दशा में, ऋणी से मूलधन और ब्याज की बाबत ऐसी राशि के संदाय करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी जो मूलधन के दुगने से अधिक हो ।

परन्तु यह और कि जहां सभी ऋणों की बाबत वार्षिक किश्त की राशि, ऋणी के ऋण सदाय करने की क्षमता से अधिक हो जाती है, वहां ऋणों को ऐसे अनुपात में कम कर दिया जाएगा कि वार्षिक किश्त उसके सामर्थ्य के बराबर हो जाए और इस प्रकार अवधारित किश्तों के सदाय करने पर ऋण पूरी तरह उन्मुक्त हो जाएगा या हो जाएगी ।

15. **1938 के पंजाब अधिनियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकरण न कराने के परिणाम.**— धारा 14 के अधीन निष्कर्ष अभिलिखित करते समय, ऋण निपटारा अधिकारी, जहां कोई लेनदार पंजाब साहूकार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1938 (1938 का पंजाब अधिनियम 3) के उपबन्धों

के अनुसार रजिस्ट्रीकृत नहीं है उसके पूरे दावे को नामंजूर कर सकेगा और ऋण को पूरी तरह से चुकाया गया घोषित कर सकेगा और जहां यह माना जाता है कि लेनदार उक्त अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार लेखाओं के रखे जाने और प्रकाशन के बारे में असफल है, वहां वह मूलधन की राशि पर के पूरे ब्याज को नामंजूर कर सकेगा।

16. **ऋण निपटारा अधिकारी की व्यक्तियों की उपस्थिति को तथा दस्तावेजों के पेश करने की और साक्ष्य लेने की अपेक्षा करने की शक्ति.**—धारा 9 के अधीन नियुक्त ऋण निपटारा अधिकारी, पक्षकारों तथा साक्षियों को बुलाने तथा उनकी परीक्षा करने और से दस्तावेजों को पेश करने से संबंधित ऐसी सभी शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 5) द्वारा सिविल न्यायालयों को प्रदान की गई हैं और ऋण निपटारा अधिकारी के समक्ष प्रत्येक कार्यवाही को न्यायिक कार्यवाही के रूप में समझा जाएगा।

17. **व्यतिक्रम की दशा में आवेदन का खारिज किया जाना.**—यदि ऋण निपटारा अधिकारी की राय में कोई आवेदक अपने आवेदन का संचालन सम्यक् तत्परता से करने में असफल रहता है, तो ऋण निपटारा अधिकारी आवेदन को किसी भी प्रक्रम पर खारिज कर सकेगा।

18. **ऋण निपटारा अधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा.**—यदि इस अधिनियम के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों में कोई प्रश्न उठता है कि क्या कोई उधार या दायित्व ऋण है या नहीं या कोई व्यक्ति ऋणी है या नहीं, तो ऋण निपटारा अधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा और उसे किसी भी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।

19. **सिविल वादों का वर्जन.**—कोई भी सिविल न्यायालय निम्नलिखित ग्रहण नहीं करेगा :—

(क) निम्नलिखित के लिए कोई वाद, अपील या पुनरीक्षण का आवेदन—

(i) किसी प्रक्रिया की विधिमान्यता या इस अधिनियम के अधीन जारी किए गए किसी आदेश की वैधता को प्रश्नगत करने के लिए ;

(ii) ऐसे ऋण को वसूल करने के लिए जिसे इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन सम्यकतया उन्मुक्त समझा गया है ;

(ख) ऋणी के विरुद्ध सिविल न्यायालय द्वारा पारित बिक्री के निष्पादन के लिए कोई आवेदन;

(ग) घोषणा करने के लिए कोई ऐसा वाद या व्यादेश के लिए कोई ऐसा वाद या आवेदन जो इस अधिनियम के अधीन ऋण निपटारा अधिकारी के सामने किन्हीं कार्यवाहियों को प्रभावी करता हो।

20. **पुनर्विलोकन.**—कोई व्यक्ति, जो ऋण निपटारा अधिकारी के किसी आदेश से व्यथित है और जो किसी ऐसे नए और महत्वपूर्ण मामले या साक्ष्य के, जो सम्यक् तत्परता बरतने पर भी उसकी जानकारी में नहीं था या ऐसा आदेश किए जाने के समय उसके द्वारा पेश नहीं किया जा सकता था, पता चलने पर या किसी गलती या भूल के कारण जो अभिलेख के देखने से ही स्पष्ट प्रतीत होती है या किसी अन्य पर्याप्त कारण से, अपने विरुद्ध किए गए किसी आदेश का पुनर्विलोकन कराना चाहता हो ऋण निपटारा अधिकारी को ऐसे आदेश के पुनर्विलोकन के लिए आवेदन कर सकेगा तथा ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जैसे वह ठीक समझे :

परन्तु इस धारा के अधीन किसी हितबद्ध व्यक्ति को प्रभावी करने वाले किसी आदेश को उलटने या उपान्तरित करने वाला कोई आदेश ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना नहीं करेगा ;

परन्तु यह और कि पुनर्विलोकन के लिए कोई आवेदन ग्रहण नहीं किया जाएगा, यदि वह, उस आदेश की जिसका पुनर्विलोकन चाहा गया है, तारीख से 12 मास के पश्चात् प्रस्तुत किया जाता है ।

21. **अपील या पुनरीक्षण का वर्जन.**—इस अधिनियम में अभिव्यक्तत: अन्यथा उपबंधित के सिवाय, ऋण निपटारा अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील या पुनरीक्षण नहीं होगा ।

22. **ऋण निपटारा अधिकारी के समक्ष अभिकर्ता या विधि व्यवसायी के माध्यम से पक्षकार का उपस्थित होना.**—इस अधिनियम के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों में, किसी पक्षकार का प्रतिनिधित्व लिखित रूप में प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा या ऋण निपटारा अधिकारी की अनुज्ञा से किसी विधि व्यवसायी द्वारा किया जा सकेगा ।

23. **1963 का संसद अधिनियम 36 के उपबन्धों का लागू होना.**—परिसीमा अधिनियम, 1963 (1963 का संसद अधिनियम 36) के उपबन्ध, धारा 8 के अधीन किसी ऐसे आवेदन को इस प्रकार लागू होंगे मानो वह आवेदन उधार की वसूली के लिए किसी वाद में कदपत्र हो ।

24. **वेय राशियों की वसूली.**—इस अधिनियम के अधीन, ऋण निपटारा अधिकारी द्वारा किए गए आदेश का, उस क्षेत्र में अधिकारिता प्राप्त सिविल न्यायालय द्वारा ऐसे किया जाएगा मानो वह उस न्यायालय की डिक्री या आदेश हो ।

25. **नियम बनाने की शक्ति.**—(1) प्रशासक चण्डीगढ़ राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उन सभी विषयों की बाबत, जिनके लिए उपबन्ध करना इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन है, नियम बना सकेगी ।

(2) उपधारा (1) के अधीन बनाए गए नियमों को चण्डीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित करना होगा ।

(3) लोप किया गया ।

26. **1938 के पंजाब अधिनियम 3 की धारा 4 का संशोधन.**—पंजाब साहूकार रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1938 (1938 का पंजाब अधिनियम 3) की धारा 4 को उस धारा की उपधारा (1) के रूप में पुन: संख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुन: संख्यांकित उपधारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अन्त: स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

(2) कोई भी साहूकार उधार देने के कारबार तब तक नहीं करेगा जब तक कि वह उपधारा (1) के अधीन उसका रजिस्ट्रीकरण नही हो जाता ।

(3) ऐसा साहूकार, जो उपधारा (2) के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, दोषसिद्धि पर प्रथम अपराध के लिए एक हजार रुपए तक के और पश्चात्वर्ती प्रत्येक अपराध के लिए दो हजार रुपए तक के जुर्माने के लिए दायी होगा ।"

27. **निरसन.**—संघ राज्यक्षेत्र चण्डीगढ़ को यथा विस्तारित हरियाणा कृषि ऋणता अवमुक्ति अधिनियम, 1975 (1975 का हरियाणा अधिनियम 22) निरसित किया जाता है ।

[सं० यू० 11015/3/76-यू० टी० एल० (133)]

के० सी० पाण्डेय, संयुक्त सचिव ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1976